देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 49 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...नियमों की अनदेखी



देहरादून, रविवार, 17 मई 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 37.0° न्यूनतम 21.0° | 31097.73

2 चीन में कोरोना संख्या से जुड़ा डेटा लीक | 7 गांगुली में नजर आता आईसीसी का भविष्य

## संक्षिप्त समाचार

### देश में संक्रमितों की संख्या 85,940 हुई, 2,752 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर शनिवार को 2,752 हो गई और संक्रमितों की संख्या 85,940 पर पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में 103 लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई और 3,970 नए मामले सामने आए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब भी 53,035 लोगों का इलाज चल रहा है जबकि 30,152 लोग स्वस्थ हो गए हैं और एक मरीज देश छोड़कर चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "अभी तक करीब 35.08 प्रतिशत मरीज बीमारी से उबर चुके हैं।"

### मैं आपकी साइकिल लेकर जा रहा हूं मुझे माफ कर देना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भरतपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही चिट्ठी में श्रमिक ने नमस्ते के संबोधन के साथ लिखा है कि मैं आपकी साइकिल लेकर जा रहा हूं। हो सके, तो मुझे माफ कर देना जी, क्योंकि मेरे पास घर जाने का कोई साधन नहीं है। मेरा एक बच्चा है, उसके लिए मुझे ऐसा करना पड़ रहा है , क्योंकि वो विकलांग है , चल नहीं सकता, हमें बरेली तक जाना है। आपका कसूरवार , एक यात्री , एक मजदूर । चिट्ठी में साफ झलक रहा है कि कैसे एक पिता को बेटे की मजबूरी के चलते इस तरह का कदम उठाना पड़ा है।

### डॉकओपीडी ऐप का किया उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन एवं मसूरी विधायक गणेश जोशी ने डॉकओपीडी ऐप का उद्घाटन किया। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 मार्च 2020 को टैलीमेडिसन प्रैक्टिस गाइडलाइन एक्ट में संशोधन कर टैलीमेडिसन को अब कानूनी अधिकार दे दिया गया है। खास बात यह है कि 60 वर्ष से अधिक ऐसे सभी व्यक्ति इस सुविधा का लाभ निःशुल्क ले सकते हैं।

# रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी पर जोर

## रक्षा से लेकर अंतरिक्ष तक, आर्थिक पैकेज के 8 बड़े ऐलान

कोयला क्षेत्र में सरकार के एकाधिकार को खत्म किया जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 20 लाख करोड़ रुपए के आत्मनिर्भर भारत पैकेज की चौथी किस्त का ऐलान किया। इसमें उन्होंने 8 क्षेत्रों में सुधारों की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कोयला, खनिज, रक्षा उत्पादन, सामाजिक बुनियादी ढांचा, विमानन, बिजली वितरण, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सुधारों की घोषणा की।

**1-कोयलाः** कोयला क्षेत्र में सरकार के एकाधिकार को खत्म किया जाएगा। कोल सेक्टर में कमर्शियल माइनिंग शुरू की जाएगी। भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कोयला भंडार है। 50 नए ब्लॉक नीलाम होंगे। इसके अपफ्रंट पेमेंट की सीमा होगी। आंशिक रूप से बंद पड़ी खदानों को निजी क्षेत्र को दिया जाएगा। समय से पहले खनन पूरा करने वालों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। आधारभूत ढांचे के विकास पर 50 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। कोल बेड मीथेन की नीलामी होगी।

**2.मिनरल्सः** खनिज क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों को लाया जाएगा। 500 माइनिंग ब्लॉक उपलब्ध कराए जाएंगे। बॉक्साइट और कोयले की संयुक्त नीलामी होगी। स्टांप ड्यूटी को व्यावहारिक बनाया जाएगा।

**3.बिजली क्षेत्रः** केंद्रशासित प्रदेशों में बिजली वितरण का निजीकरण किया जाएगा। साथ ही सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।

**4.सामाजिक बुनियादी ढांचाः** अस्पताल और स्कूल जैसे सामाजिक बुनियादी ढांचे में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग में बदलाव किया गया है। सरकार ने इसे 20 फीसदी से बढ़ाकर 30 फीसदी कर दिया है।



### ऑर्डिनेंस फैक्टरी बोर्ड का कॉरपोटाइजेशन, यह निजीकरण नहीं है

देश में रक्षा साजोसामान बनाने वाले ऑर्डिनेंस फैक्टरी बोर्ड का कॉरपोरेटाइजेशन किया जाएगा। वित्त मंत्री ने साफ किया कि यह निजीकरण नहीं है। इससे बोर्ड के कामकाज में सुधार आएगा। हम उम्मीद करते हैं कि यह आगे सूचीबद्ध होगी जिससे आम नागरिकों को उसके शेयर खरीदने का मौका मिलेगा। इस क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा 49 फीसदी से बढ़ाकर 74 फीसदी कर दी गई है। डिफेंस उत्पादन में मेक इन इंडिया पर जोर दिया जाएगा। सेना को आधुनिक हथियारों की जरूरत है और उनका उत्पादन भारत में ही होगा।

**5.नागरिक उड्डयनः** असैन्य विमानों के लिए वायुक्षेत्र की पाबंदी में कमी की जाएगी। देश में पीपीपी के तहत 6 नए हवाई अड्डे विकसित किए जाएंगे।

**6.अंतरिक्षः** अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने का मौका दिया जाएगा। निजी कंपनियों को इसरो की सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। जियोस्पेसल डेटा के लिए उदार नीति लाई जाएगी ताकि हमारे स्टार्ट अप को विदेशों पर निर्भर न रहना पड़े।

**7.परमाणु ऊर्जाः** मेडिकल आइसोटोप बनाने के लिए पीपीपी मोड में रिसर्च रिएक्टर की स्थापना होगी। जल्दी खराब होने वाली सब्जियों के लिए विकिरण तकनीक के माध्यम से एक खाद्य संरक्षण बनाया जाएगा। स्टार्ट अप को देश की परमाणु ऊर्जा का लाभ दिया जाएगा।

# सड़क हादसे में 24 प्रवासी मजदूरों की मौत

## 37 घायल, मुख्यमंत्री योगी ने लिया संज्ञान

**संवाददाता**

औरैया। लॉकडाउन के बीच वापस घर लौट रहे कुछ मजदूर शनिवार सुबह औरैया में दुर्घटना का शिकार हो गए। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में एक ट्रक दूसरे ट्रक से टकरा गया। इस दुर्घटना में 24 मजदूरों की मौत हो गई है। मृतक इसी ट्रक में सवार थे। इस घटना के बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया है। ये सभी राजस्थान से आ रहे थे और बिहार-झारखंड जा रहे थे।

मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अमले के भी होश फाख्ता हो गए हैं। आनन-फानन पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। औरैया की सीएमओ अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि इस हादसे में 24 लोगों की मौत हुई है। 22 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और 15 गंभीर रूप से घायलों को सेफैई पीजीआई रेफर किया गया है। ये लोग राजस्थान से बिहार और झारखंड जा रहे थे।

इस घटना के बाद सामने आई एक तस्वीर में मजदूरों के सामान के ढेर को भी देखा जा सकता है। एसपी औरैया ने बताया गया कि यह घटना तकरीबन सुबह 3 बजे से 4 बजे के बीच घटित हुई है। अभी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। कुछ घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि जिन लोगों की हालत गंभीर है उन्हें सैफई के लिए रिफर किया गया है।

### सीएम योगी ने घटना का लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया में घटित हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को संज्ञान में लिया है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले मजदूरों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। योगी सरकार ने हादसे में मृतक के परिवार को 2 लाख और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे देने का ऐलान किया है। इस बात की जानकारी अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने दी।

# मजबूरों को कर्ज नहीं, कैश दे सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने आज लोकल मीडिया से बात की। इसकी स्ट्रीमिंग उनके यूट्यूब चैनल पर की गई। उन्होंने कोरोना वायरस लॉकडाउन के बीच, सरकार द्वारा जारी 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इस वक्त लोगों के हाथ में पैसा होना चाहिए।

राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वे अस्थायी तौर पर ही सही, न्याय योजना को लागू करें। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट लोगों के खाते में पैसा भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट कैश ट्रांसफर, मनरेगा के कार्य दिवस 200 दिन, किसानों को पैसा आदि के बारे में मोदी जी विचार करें, क्योंकि ये सब हिंदुस्तान का भविष्य है।

■राहत पैकेज पर राहुल का प्रहार

**राहुल ने दिया मां का उदाहरणः** राहुल गांधी ने कहा कि जब बच्चों को चोट पहुंचती है, तो मां उनको कर्जा नहीं देती, बल्कि राहत के लिए तुरंत मदद देती है। कर्ज का पैकेज नहीं होना चाहिए था, बल्कि किसान, मजदूरों की जेब में तुरंत पैसे दिए जाने की आवश्यकता है। राहुल ने कहा कि डिमांड को स्टार्ट करने के लिए अगर हमने पैसा नहीं दिया तो बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि प्यार से बोल रहा हूं, इस पैकेज को सरकार रिकंसीडर करे।

### राहुल को नकवी का जवाब स्वदेशी पच नहीं रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज की कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आलोचना की है। उनका मानना है कि सरकार को कर्ज देने के बजाय लोगों के हाथ में पैसा देना चाहिए। वे चाहते हैं कि इसके लिए उनकी सुझाई न्याय योजना को केंद्र सरकार अस्थायी रूप से लागू करे। राहुल ने शनिवार को स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल्स से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह बात कही। सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने इसका जवाब दिया है। नकवी ने कहा कि कांग्रेस के राज में कैशबाजी बहुत होती थी। उन्होंने कहा कि जो कैश पर ऐश करते हैं, उन्हें लगता है कि कैश पर सिर्फ ऐश होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी भी आपको (राहुल गांधी) स्वदेशी पच नहीं रहा है। नकवी ने कहा कि आज वो इस आपदा के समय में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बात कर रहे हैं तो उस वक्त भी उन्हें कैश ही नजर आ रहा है।

# विदेशी कंपनियों को लुभाने की कोशिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारत ने बनाई 10 मेगा क्लस्टरों की लिस्ट

नई दिल्ली। चीन भले ही कोरोना वायरस संकट से तकरीबन पूरी तरह उबर चुका हो, लेकिन दुनिया का अब पेइचिंग पर अविश्वास गहराता जा रहा है। तमाम मल्टिनेशनल कंपनियां अब चीन से बाहर निकलने की गंभीर कोशिशों में जुट चुकी हैं। भारत के लिए यह एक मौके की तरह है लिहाजा कंपनियों को आकर्षित करने के लिए देश में क्लस्टर प्लान पर भी काम किया जा रहा है। भारत ने 9 राज्यों में फैले ऐसे 10 मेगा क्लस्टरों की लिस्ट बनाई है जो अलग-अलग सेक्टरों से जुड़े हैं और जो संबंधित कंपनियों के लिए मुफीद साबित होंगे।

इसे आसानी से ऐसे समझ सकते हैं कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्लस्टर इलेक्ट्रॉनिक हब है, जबकि हैदराबाद क्लस्टर फार्मा और वैक्सीन के निर्यात का देश में सबसे बड़ा हब है। हैदराबाद क्लस्टर में ही दुनिया का करीब एक तिहाई वैक्सीन बनता है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in